भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 68
उत्तर देने की तारीख 04 दिसंबर, 2023
सोमवार, 13 अग्रहायण, 1945 (शक)

कौशल विकास केंद्रों की संख्या

68. डॉ. निशिकांत दुबे: श्री मनोज तिवारी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत दिल्ली और झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में जिला-वार कितने कौशल विकास केंद्र हैं;

(ख) क्या सरकार के उक्त प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उदयमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार के अधीन, स्किल इंडिया मिशन (सिम) का उद्देश्य कौशलीकरण, पुनर्कौशलीकरण और कौशलोन्नयन है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी भारतीय युवा बड़ी संख्या में आने वाले अवसरों के लिए तैयार हों, क्योंकि अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है और भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। सिम का उद्देश्य भारत के सभी युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उद्योग के लिए तैयार कौशल तक पहुंच प्रदान करना है। प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत दिल्ली और झारखंड राज्य सहित विभिन्न राज्यों में कौशल विकास केंद्रों/प्रशिक्षण केंद्रों की जिले-वार संख्या अनुबंध में दी गई है। चूंकि उपरोक्त अनुबंध में विवरण बहुत लंबा है, इसलिए इसे मंत्रालय की वेबसाइट **https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/lok-sabha** पर अपलोड किया गया है।

(ख और ग) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और कौशलोन्नयन और पुनः कौशलीकरण पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पीएमकेवीवाई के तहत, एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए हैं, और आरपीएल में पहले से मौजूद कौशल के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शामिल है। एमएसडीई ने कौशलीकरण के लिए एक एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अर्थात स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) लॉन्च किया है। एसआईडी पर उपलब्ध जॉब एक्सचेंज विकल्प, उम्मीदवारों को उपलब्ध जॉब्स की खोज करने और तदनुसार आवेदन करने में सक्षम बनाने में मदद करता है। संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने के लिए पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का विवरण स्किल इंडिया डिजिटल पर उपलब्ध कराया गया है। पीएमकेवीवाई के

एसटीटी घटक के तहत, वर्ष 2015 से दिनांक 31.10.2023 तक, इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से 59.16 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों में से 24.38 लाख उम्मीदवार नियोजित करने की सूचना है।

******